देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 122 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** गंभीर संकट में अर्थव्यवस्था



देहरादून, मंगलवार, 11 अगस्त 2020

# पेज थ्री



मौसम | अधिकतम 29.0⁰ | न्यूनतम 24.0⁰

38182.08

2 पीएम ओली की अकड़ पड़ी ढीली

7 जवाब दिया था भारत बिकाऊ नहीं

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने सोमवार दोपहर एक ट्वीट में यह जानकारी दी। मुखर्जी ने बताया कि वे एक अन्य बीमारी के सिलसिले में अस्पताल गए थे, जहां उनकी कोविड–19 टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई। पूर्व राष्ट्रपति ने उनके संपर्क में आए लोगों से खुद को सेल्फ आइसोलेट करने और अपना कोविड–19 टेस्ट कराने की अपील की है। इस महीने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा तीन और केंद्रीय मंत्री भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और संसदीय मामलों के मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की शनिवार को रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

### शाह फैसल ने पार्टी छोड़ी, सरकार देगी अहम पद?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर कैडर के आईएएस अफसर शाह फैसल ने एक बार फिर नौकरशाही में लौटने का फैसला किया है। शाह फैसल ने पूर्व में नौकरी छोड़कर अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी, जिसके बाद वह घाटी में राजनीतिक संभावनाओं की तलाश करते रहे। हालांकि अब राज्य में नए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आगमन के बाद शाह फैसल ने अपनी राजनीतिक पार्टी छोड़ दी है। शाह फैसल के नौकरशाही में लौटने और उनके लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा का अडवाइजर बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

### किसानों पर अब ममता–धनखड़ में क्यों तकरार?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पत्र किसानों को न्याय दिलाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है। राज्यपाल धनखड़ ने लिखा है कि यह चिंताजनक है कि 70 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित रखा गया है। बता दें कि ममता और गवर्नर जगदीप धनखड़ के बीच मतभेद जगजाहिर है।

# सेना के हथियार ‘मेड इन इंडिया’

## भारत में ही हथियारों के निर्माण में सक्षम हो गए तो देश की काफी पूंजी बचेगीः रक्षामंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में ‘आत्मनिर्भर’ होने की दिशा में भारत ने 101 तरह के हथियार, तोप, एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर, राइफल और समुद्री–जहाज के आयात पर रोक लगा दी है। रक्षा मंत्री ने आज कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियानश का विजन, इस महामारी के कठिन समय में, न केवल आर्थिक वृद्धी के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि उससे कहीं अधिक हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक विजन है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगह हम भारत में चीजों (हथियार) के निर्माण में सक्षम हो गए तो देश की काफी पूंजी बचेगी। इस बची हुई पूंजी से रक्षा से जुड़े देश के लगभग 70000 एमएसएमई को प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

रक्षा मंत्रालय के डीडीपी, डीपीएसयूएस –ओएफबी द्वारा,

■70000 एमएसएमई को प्रोत्साहित किया जा सकेगा

मिलकर शुरू किए जा रहे आत्मनिर्भर भारत सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर, आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। इस सप्ताह के दौरान होने वाली सभी गतिविधियाँ, इंडिजिनस डिफेंस प्रोडक्शन को बढ़ावा देंगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मुझे यह बतलाते हुए खुशी हो रही है कि हमने पहली बार 101 आइटम्स की ऐसी सूची निकाली है जो अब हम इंपोर्ट नहीं करेंगे। इस सूचि को हम नेगेटिव लिस्ट कहते हैं जिसमें सिर्फ छोटी आइटम्स ही नहीं बल्कि बड़ी और क्रिटिकल तकनीक वाले हथियार सिस्टम भी हैं।

रक्षा मंत्री के मुताबिक, इस निर्णय से स्वदेशी डिफेंस इंडस्ट्री को करीब चार लाख करोड़ के कांट्रेक्ट मिलने का अनुमान है, जिसमें 30 लाख करोड़ थलसेना, 1.30 लाख करोड़ वायुसेना और 1.40 लाख करोड़ नौसेना के लिए हो सकता है।

रक्षा मंत्री ने घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 101 हथियारों और सैन्य उपकरणों के आयात पर 2024 तक के लिए रोक लगाने की रविवार सुबह घोषणा की। इनमें हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर, मालवाहक विमान, पारंपरिक पनडुब्बियां और क्रूज मिसाइल शामिल हैं।

वहीं भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है लेकिन चीन हर समझौते को दरकिनार कर देता है। चीनी सेना की बार–बार उकसावे वाली हरकतों को माकूल जवाब देने के लिए भारतीय सेना ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

### रक्षा मंत्री ने 101 सैन्य हथियारों के आयात पर प्रतिबंध लगाया



राजनाथ सिंह ने 101 सैन्य हथियारों एवं साजो–सामान के आयात पर प्रतिबंध के रक्षा मंत्रालय के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिये बड़े और कठोर फैसले लिये जा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि बड़ी हथियार प्रणालियां अब भारत में बनेंगी और देश रक्षा विनिर्माण का केंद्र बनने के लिये इनके निर्यात की संभावना तलाशेगा।

### बॉर्डर पर तैनात जवान अब सैटेलाइट फोन से कर सकेंगे परिवार से बात

बॉर्डर के दुर्गम इलाकों में तैनात सेना के जवान कई महीनों तक अपने परिवार से बात नहीं कर पाते, क्योंकि वहां मोबाइल के सिग्नल नहीं मिलते। अब सरकार ने तय किया कि ऐसी लोकेशन पर तैनात जवानों को परिवार से बात करने के लिए सैटलाइट फोन की सुविधा दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इस बारे में जानकारी दी है।

# टपकेश्वर मंदिर में वर्षो बाद तमसा नदी अपने पूर्ण वेग में

## माता वैष्णो देवी गुफा,योग मंदिर की सुरक्षा दीवार भी तेज प्रवाह में बह गई

**संवाददाता**

देहरादून। टपकेश्वर महादेव मंदिर में वर्षों बाद आज सौरमास सावन के अंतिम सोमवार में तमसा नदी अपने पूर्ण प्रवाह में दिखी। मंदिर को आने वाले रास्तों ने भी नदी का रूप धारण कर लिया। घंटो तक श्रद्धालु बाहर रुके रहे जलस्तर कम होने पर उन्होंने मंदिरों के दर्शन किए। माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर की सुरक्षा दीवार भी तेज प्रवाह में बह गई। मंदिर के संस्थापक आचार्य विपिन जोशी ने बताया कि कई साल बाद इस तरह नदी का जलस्तर बढ़ा।

सोमवार सुबह से हो रही बारिश के बाद देहरादून में बिंदाल नदी में जलस्तर बढ़ने लगा। नदी किनारे सटे मकानों में भी खतरा पैदा हो गया है। बारिश से द दून स्कूल की दीवार गिर गई। किशन नगर क्षेत्र में नाले का जलस्तर बढ़ गया है। इस दौरान



घरों में पानी पहुंच गया। बारिश के बाद जीएमएस रोड के संगम विहार में एक दीवार गिर गई। इससे कई वाहन क्षतिग्रस्ध्त हो गए। वहीं, हरिद्वार में गंगा चेतावनी रेखा से 60 सेमी नीचे बह रही है।विकास नगर में कालसी चकराता मोटर मार्ग के जजरेड के पास पहाड़ से भूस्खलन होने से एक लोडर वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, जजरेड के पास मार्ग बंद हो गया है।

# कांग्रेस नहीं गहलोत का किया विरोधः पायलट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान के सियासी ऊठापटक में सोमवार को नया मोड़ देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी सियासी घमासान में लग रहा था कि अब पार्टी में टूट तय है, लेकिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की कोशिश से सारा खेल बदलता हुआ दिख रहा है। माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी की सलाह पर ही सचिन पायलट और राहुल गांधी सोमवार को मिले और राजस्थान के सियासी झगड़े को सुलझाने पर बात की है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा शुरू हो गई है कि प्रियंका की कोशिश से सचिन पायलट सुलह को तैयार हो गए हैं और पार्टी में वे बने रहेंगे।

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से सचिन पायलट ने सोमवार को दिल्ली में मुलाकात की है। कल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से पायलट मिले थे, जिसके बाद राहुल के साथ उनकी मीटिंग फिक्स की गई। प्रियंका भी मुलाकात के वक्त मौजूद थीं। पायलट ने मीटिंग में बताया कि उन्होंने किन परिस्थितियों में फैसले लिए, पायलट ने यह भी कहा कि वे कांग्रेस विरोधी काम नहीं कर रहे थे, वे केवल गहलोत का विरोध कर रहे थे।

### सियासी घमासान

#### अहमद पटेल को मिला बीच का रास्ता निकालने का जिम्मा

राजस्थान के राजनीतिक हलकों में सोमवार को सचिन पायलट द्वारा किए गए विद्रोह से उत्पन्न हुए संकट के समाधान को लेकर खासी चर्चा रही। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा है कि पार्टी के अनुभवी नेता अहमद पटेल उस मुद्दे को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसने पायलट खेमे की बगावत से राज्य में अशोक गहलोत सरकार का अस्तित्व को खतरे में पड़ गया था। कांग्रेस ने इस वाकये के बाद पायलट को उपमुख्यमंत्री और राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष पद से बर्खास्त कर दिया था।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना पर बड़ी खुशखबरी, 70 प्रतिशत रिकवरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकार इसे तेज गति से जांच, मरीजों की तलाश में तत्परता और बड़े पैमाने पर इलाज का नतीजा बता रही है। सरकार का कहना है कि बेहतर ऐंबुलेंस सर्विस, मरीजों की देखभाल की उचित व्यवस्था समेत व्यापक पैमाने पर उठाए गए अन्य कदमों ने देश में कोविड–19 महामारी के खिलाफ लड़ाई को मजबूती प्रदान की है। इसके साथ ही, कोविड मरीजों का रिकवरी रेट भारत में 70 प्रतिशत को छूने जा रहा है। अब तक आए कुल कोरोना केस में से 69.33 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं। दिल्ली में तो रिकवरी रेट 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यानी, राष्ट्रीय राजधानी में कोविड– 19 महामारी की चपेट में आने वाले हर 100 में 90 व्यक्ति ठीक हो चुका है।

महामारी की चपेट में आने वाले हर 100 में 90 व्यक्ति ठीक हो चुका

केंद्र सरकार, राज्य सरकारों एवं केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों के संयुक्त प्रयासों से देश में कोरोना मरीजों की मौत की दर भी बहुत कम है। आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ 2 प्रतिशत कोरोना मरीजों की ही मौत हुई है।